

**खास-खबर**

## जीत के बाद बोले दक्षिण अफ्रीका के कोच डुमिनी, लय से मिलता है आत्मविश्वास

**मुंबई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच और पूर्व क्रिकेटर जेपी डुमिनी ने कहा कि उनकी टीम पिछले कुछ दिनों में हासिल की गई लय को चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ अगले विश्व कप मुकाबले में जारी रखने का प्रयास करेगी। धर्मशाला में नीदरलैंड के खिलाफ हार के साथ उलटफेर का शिकार होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने लगातार दो मैच में 350 रन से अधिक का स्कोर खड़ा करते हुए गत चैंपियन इंग्लैंड और बांग्लादेश को हराया। डुमिनी ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश पर 149 रन की जीत के बाद संवाददाताओं से कहा कि हम निश्चित रूप से इससे आत्मविश्वास हासिल करेंगे। हम बात करते हैं कि लय से आत्मविश्वास मिलता है। आप लगातार मुकाबलों में जीत के बारे में सोचते हैं और मुझे लगता है कि हम पिछले दो मैच में जिस तरह से खेले उससे हम निश्चित रूप से काफी आत्मविश्वास हासिल करेंगे। दक्षिण अफ्रीका का नेट रन रेट भारत से बेहतर है और वह शुक्रवार को यहां पाकिस्तान को हराकर मेजबान टीम को पछाड़कर अंक तालिका में शीर्ष पर आने की कोशिश करेगा। डुमिनी ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ बड़े मैच में हम निश्चित रूप से जीत का आनंद लेना चाहते हैं। ऐसे क्षेत्र हैं जहां हम सुधार कर सकते हैं, हमेशा ऐसे क्षेत्र होते हैं जिन पर आप ध्यान केंद्रित कर सकते हैं और देख सकते हैं कि हम कैसे बेहतर हो सकते हैं।

## महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिये रांची पहुंची चीन की टीम

**रांची (एजेंसी)।** हाल ही संपन्न एशियन गेम्स में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक अपने नाम करने वाली चीन की महिला टीम बुधवार को झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में भाग लेने यहां पहुंची जहां उसका स्वागत गर्मजोशी से किया गया। हाल के दिनों में चीन की महिला हॉकी टीम एशियाई हॉकी सर्किट में एक बड़ी ताकत रही है। हालाँकि वे अभी तक प्रतिष्ठित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब हासिल नहीं कर पाई हैं, लेकिन दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता ने उन्हें 2011 और 2016 में उपविजेता स्थान पर पहुंचा दिया और एलीट टूर्नामेंट के 2018 और 2021 संस्करणों में तीसरे स्थान पर रहे थे।

# ऑस्ट्रेलिया की विश्वकप की सबसे बड़ी जीत, नीदरलैंड को 309 रन से हराया

### वार्नर और मैक्सवेल ने जमाए तूफानी शतक, स्पिनर जम्पा को मिले चार विकेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

**ऑस्ट्रेलिया टीम ने क्रिकेट विश्वकप में जीत की लय बरकरार रखते हुए बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में नीदरलैंड को रिकॉर्ड 309 रन से हरा दिया। यह विश्वकप में रन के हिसाब से किसी टीम की सबसे बड़ी जीत है।**



ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए डेविड वार्नर (93 गेंदों पर 11 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 104 रन) के बाद ग्लेन मैक्सवेल के (44 गेंदों पर 9 चौकों और 8 छक्कों की मदद से 106 रन) की तूफानी शतकीय पारी की बदौलत नीदरलैंड को 8 विकेट के नुकसान पर 399 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड के सामने 400 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। जवाब में डच टीम 21 ओवर में मात्र 90 रन पर ढेर हो गई। नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज विक्रमजीत सिंह को छोड़कर अन्य किसी भी बल्लेबाज को शुरुआत भी नहीं मिली। विक्रमजीत ने 25 गेंद पर 25 रन बनाए। उनके अलावा कॉलिन एकरमैन ने 10, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने 11, स्कॉट एडवर्ड्स ने 12 और तेजा निदामानुरु ने 14 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जम्पा ने तीन ओवर में आठ रन देकर चार विकेट झटके। यह लगातार तीसरी बार है जब जम्पा ने तीन विकेट लिए हैं। उनके अलावा मिचेल मार्श ने दो, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने एक - एक विकेट लिए। पिछले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 163 रन बनाने वाले वार्नर का एकदिवसीय में यह 22वां शतक है। वार्नर ने इस दौरान दूसरे विकेट के लिए स्टीव स्मिथ के साथ 118 गेंद में 132 रन, जबकि तीसरे विकेट के लिए मार्नस लाबुशेन के साथ 76 गेंद में 84 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 68 गेंद में 71 रन की पारी के दौरान 9 चौके और एक छक्का जड़ा तो वही लाबुशेन ने 47 गेंद की आक्रामक पारी में सात चौके और दो छक्के की मदद से 62 रन बनाए। नीदरलैंड के लिए लोगन वान बीक ने 10 ओवर में 74 रन देते हुए चार विकेट झटके। उनके अलावा बास डी लीडे ने दो और आर्यन दत्त ने एक विकेट लिया। दो दिन बाद 37 साल के होने वाले वॉर्नर के अपने वनडे करियर की यह 22वां शतक है तो वहीं वर्ल्ड कप में ये उनका छठा शतक है।

**स्कोर बोर्ड**

**ऑस्ट्रेलियाः** मार्श कै. ऐकरमैन बो. बीक 9, वॉर्नर कै. दत्त बो. बीक 104, स्मिथ कै. डर मर्व बो. दत्त 71, लाबुशेन कै. दत्त बो. डलीडे 62, इंग्लस कै. एंगलब्रेख्त बो. डलीडे 14, मैक्सवेल कै. एंगलब्रेख्त बो. बीक 106, ग्रीन रन आउट 8, कमिंस (नाबाद) 12, स्टार्क कै. ऐकरमैन बो. बीक 0, जम्पा (नाबाद)1, **अतिरिक्त** 12, **कुल** (50 ओवर में) 8 विकेट पर 399 रन । **विकेट पतनः** 1-28, 2-160, 3-244, 4-266, 5-267 , 6-290, 7-393 , 8-393। **गेंदबाजी** :आर्यन दत्त 7-0-59-1, ऐकरमैन 4-0-19-0, बीक 10-0-74-4, मीकरेन 10-0-64-0, विक्रमजीत 4-0-27-0, डर मर्व 5-0-41-0, डलीडे10-0-115-2।

**नीदरलैंड्सः** विक्रमजीत रन आउट 25, ओडाउड बो. स्टार्क 6, ऐकरमैन पगबाधा हेजलवुड 10, एंगलब्रेख्त कै. वॉर्नर बो. मार्श 11, डलीडे पगबाधा कमिंस 4, एडवर्ड्स (नाबाद ) 12, कै. इंग्लस बो. मार्श 14, वैन बीक कै. इंग्लस बो. जम्पा 0, डर मर्व पगबाधा ज़म्पा 0, आर्यन दत्त पगबाधा जम्पा 1, मीकरेन स्टं. इंग्लस बो. जम्पा 0, **अतिरिक्त** 7, **कुल** (21 ओवर में) 90 रन । **विकेट पतनः** 1-28, 2-37, 3-47 , 4-53, 5-62, 6-84, 7-86, 8-86 , 9-90, 10-90 । **गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-22-1, हेजलवुड 6-0-27-1, कमिंस 4-0-14-1, मार्श 4-0-19-2, जम्पा 3-0-8-4।

### इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मुकाबला आज

## हमारी टीम को भारी पड़ रही है आक्रामकता की कमी : मोईन

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** पिछले कुछ वर्षों में सफेद गेंद के प्रारूप में इंग्लैंड की सफलता पूरी तरह से आक्रामकता पर आधारित थी और ऑलराउंडर मोईन अली ने बुधवार को स्वीकार किया कि गत चैंपियन टीम मौजूदा विश्व कप में उस तरह का क्रिकेट खेलने में नाकाम रही है। इंग्लैंड मौजूदा टूर्नामेंट में चार में से तीन मैच हार चुका है और सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखने के लिए उसे आगामी मुकाबले जीतने होंगे। मोईन ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हम 2015 से आक्रामक क्रिकेट खेल रहे हैं और हमने ऐसा काफी अच्छी तरह किया है। मुझे लगता है कि क्रिकेट खेलने के उस तरीके की कमी के कारण हमें इस टूर्नामेंट में थोड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमें उस तरह से खेलने की जरूरत है लेकिन गेंद को ताबड़तोड़ मारने की जरूरत नहीं है। हमें उस तरह की आक्रामक टीम बनना होगा जो हमें पता है हम बन सकते हैं। हालांकि मोईन ने स्वीकार किया कि हमेशा उस तरह का क्रिकेट खेलना आसान नहीं होता है क्योंकि इसके लिए निरंतर आक्रामकता की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा, 'यह हमेशा इतना आसान नहीं होता है। हां, ज्यादातर समय आप चाहते हैं कि खिलाड़ी तेजी से रन बनाए और लंबे समय तक रन बनाए, इससे बाकी लोगों के लिए चीजें आसान हो जाती हैं लेकिन यह हमेशा इस तरह काम नहीं करता है। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी को उम्मीद है कि जॉनी बेयरस्टो और डेविड मलान की सलामी जोड़ी और तीसरे नंबर का बल्लेबाज जल्द ही अच्छा प्रदर्शन करेगा जिससे कि मध्य क्रम के खिलाड़ी इसका फायदा उठा सकें। जैसा कुछ दक्षिण अफ्रीका यहां कर रहा है। मोईन ने कहा कि अगर आपके शीर्ष तीन खिलाड़ी रन बनाते हैं तो निश्चित रूप से इससे बाकी खिलाड़ियों की मदद होती है और आप बड़े स्कोर बनाने में सफल होते हैं।

## एंजेलो मैथ्यूज हुए श्रीलंकाई विश्व कप दल में शामिल

*श्रीलंकाई ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज को चोटिल तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना की जगह श्रीलंका के विश्व कप दल में शामिल किया गया है। पथिराना को पाकिस्तान के ख़िलाफ़ मैच के दौरान कंधे में चोट लगी थी और वह नीदरलैंड्स व ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ मैचों में नहीं खेले थे। मैथ्यूज को नीदरलैंड्स के ख़िलाफ़ मैच से पहले रिजर्व के रूप में श्रीलंकाई दल से जोड़ा गया था। उनके साथ दुश्मांता चमीरा भी दल में रिजर्व के रूप में आए थे। पूर्व कप्तान मैथ्यूज (36) ने आखरी बार जून में अफगानिस्तान के खिलाफ कोई वनडे मैच खेला था। उनके पास 2011, 2015 और 2019 का विश्व कप खेलने का अनुभव है। 2015 में तो वह टीम के कप्तान थे। इससे पहले श्रीलंका अपने कप्तान दसून शानका को चोट के कारण खो चुका है। उनकी जगह चमिका करुणारत्ने टीम में आए थे, जबकि कुसल मेंडिस को कप्तान बनाया गया। वहीं विश्व कप से ठीक पहले उन्हें अपने प्रमुख ऑलराउंडर वनिंदु हसरंगा को चोट के कारण खोना पड़ा था।*



## हार्दिक का इंग्लैंड के खिलाफ मैच में खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या रविवार को लखनऊ में होने वाले इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप मैच का भी हिस्सा नहीं होंगे। उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान पुणे में चोट लगी थी और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला मैच का भी हिस्सा नहीं थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार बीसीसीआई की मेडिकल टीम गुरूवार को उनका फिटनेस टेस्ट करेगी और फिर उनके लौटने की तारीख निर्धारित होगी। बांग्लादेश के खिलाफ मैच के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि हार्दिक की चोट अधिक गंभीर नहीं है, लेकिन इसके बाद उन्हें उपचार और रिहैब के लिए



नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) भेज दिया गया था। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ मैच से पहले बीसीसीआई ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि वह लखनऊ में भारतीय दल से फिर से जुड़ेंगे। लेकिन अब ऐसा होना संभव नहीं दिख रहा है। हार्दिक के हरफनमौला कौशल को पूरा करने के लिए भारतीय टीम को दो बदलाव करने पड़े और उनके साथ उपयोगी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को भी बाहर बैठना पड़ा, जबकि सूर्यकुमार यादव और मोहम्मद शमी पहली बार इस विश्व कप में खेलते हुए दिखे। सूर्यकुमार तो 2 रन के निजी स्कोर पर रन आउट हो गए, लेकिन शमी ने पांच विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 300 के भीतर ही रोक दिया। हालांकि लखनऊ की पिच को देखते हुए भारतीय टीम प्रबंधन शमी या मोहम्मद सिराज की जगह आर अश्विन को टीम में जगह दे सकती है। इससे टीम की निचले क्रम की बल्लेबाज़ी भी मजबूत होगी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट की एकमात्र ऐसी टीम है, जो अभी तक अजेय है। पांच मैचों में पांचों मुक़ाबला जीतने वाली भारतीय टीम का अगला मैच 29 अक्टूबर को इंग्लैंड के खिलाफ लखनऊ में है।

## उत्कृष्टता की परिभाषा नहीं पता, नजर में सिर्फ बेहतर प्रदर्शनः विराट

**मुबंई (एजेंसी)।** लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को जीत दिलाने में अहम योगदान देने वाले 'चेज मास्टर' विराट कोहली का मानना है कि उनकी नजर उत्कृष्टता हासिल करने की बजाय बेहतरी की तलाश में रहती है और यही मानसिकता उनकी बल्लेबाजी को निखारने में मदद करती है। विराट की एक और शानदार पारी ने टीम इंडिया को न्यूजीलैंड पर चार विकेट से जीत दिलाने में मदद की, जिससे टीम इंडिया मौजूदा आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में 5 में से 5 जीत हासिल कर शीर्ष स्थान हासिल करने में सफल रही। इंग्लैंड के खिलाफ लखनऊ में 29 अक्टूबर को खेले जाने वाले मुकाबले से पहले विराट ने स्टार स्पोर्टस के कार्यक्रम 'फालो द ब्लूज' में कहा कि मेरा आदर्श हमेशा बेहतरी की तलाश करना रहा है, न कि उत्कृष्टता की तलाश करना। मैंने हमेशा इस पर काम किया है कि कैसे मैं हर दिन, हर अभ्यास सत्र, हर साल और हर सीजन में खुद को बेहतर बना सकता हूं। इसी चीज ने मुझे इतने लंबे समय तक खेलने और अच्छा प्रदर्शन करने में मदद की है। उन्होने कहा कि मुझे नहीं लगता कि उस मानसिकता के बिना लगातार प्रदर्शन करना संभव है, क्योंकि अगर प्रदर्शन ही आपका लक्ष्य है, तो कुछ समय बाद कोई भी संतुष्ट हो सकता है और अपने खेल पर काम करना बंद कर सकता है।



## आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच सकते हैं गिल

**दुबई (एजेंसी)।**

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल विश्वकप 2023 के आगामी मुकाबले में बेहरीन प्रदर्शन कर पहले स्थान पर पहुंच सकते है। वह फिलहाल ताजा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है।**



मौजूदा विश्वकप के पांच मैचों में 354 रन, तीन अर्धशतक और एक शतक बनाकर शानदार फार्म में चले रहे विराट कोहली को बुधवार को जारी ताजा वनडे रैंकिंग में नुकसान हुआ है। इसके अलावा बाबर आजम को भी अंकों का नुकसान भुगतना पड़ा है लेकिन वह रैकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। शुभमन गिल 823 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए है। जबकि बाबर के 829 अंक है। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर शानदार शतक के बावजूद रैकिंग में नीचे आ गए हैं। वहीं लगातार बल्ले से धूम मचाने वाले हेनरिक क्लासेन ने सात स्थान की जबरदस्त छलांग लगाते हुए 11वें से चौथे स्थान पर आ गए हैं। विराट और वॉर्नर दोनों के 747 अंक के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। वहीं वर्ल्डकप 2023 में तीन शतक लगा चुके क्विंटन डिकॉक छठे से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। रविवार को भारत बनाम इंग्लैंड मुकाबले अगर गिल का बल्ला चला और उधर बाबर आजम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फ्लॉप हुए तो गिल रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज बन सकते हैं। दोनों के बीच अब छह अंकों का अंतर है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को अपनी शानदार फार्म के कारण एक स्थान का फायदा हुआ है। वह 9वें से 8वें स्थान पर पहुंच गये हैं। गेंदबाजों की शीर्ष 10 सूची में जोश हेजलवुड शीर्ष पर है जबकि मोहम्मद सिराज दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

## भारतीय पुरुष स्कीट टीम ने एशियाई चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**


भारत के अनंत जीत सिंह नरूका, गुरजोज खांगुरा और अंगद वीर सिंह बाजवा ने दक्षिण कोरिया के चांगवोन में चल रही एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में पुरूषों के स्कीट टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय तिकड़ी ने 358 अंक बनाकर कोरिया को एक अंक से हराया जबकि कजाखस्तान तीसरे स्थान पर रहा। नरूका और खांगुरा व्यक्तिगत फाइनल में भी पहुंचे, लेकिन चौथे और छठे स्थान पर रहकर पदक और पेरिस ओलंपिक का कोटा नहीं जीत सके। सरबजोत सिंह और सुरभि राव ने भी रजत पदक जीता। उन्होंने क्वालीफिकेशन में 581 स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रहे। फाइनल में उनका सामना चीन की लि शुइ और लियू जिनयाओ से था जिसमें चीनी जोड़ी ने 16.4 से बाजी मारी। जूनियर वर्ग में भारत के शुभम बिस्ला और संयम ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में कांस्य जीता। उन्होंने कजाखस्तान की मलिका सेल और किरिल सुकानोव को कांस्य पदक के मुकाबले में 16.10 से हराया।



हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले नरूका छह निशानेबाजों के स्कीट फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। कादरी रशीद सालेह अल अथबा ने सवर्ण पदक जीता जबकि कोरिया के किम मिन्सु को रजत और चीनी ताइपै के ली मेंग युआन को कांस्य पदक मिला। खांगुरा बाहर होने वाले पहले फाइनलिस्ट रहे जिन्होंने पहले 20 टारगेट पर 15 स्कोर किया। महिला स्कीट वर्ग में गनीमत सेखों चौथे , कार्तिकी सिंह शक्तावत 17वें और परिनाज धालीवाल 18वें स्थान पर रही। टीम वर्ग में गनीमत, परिनाज और दर्शना राठौड़ कुल 321 स्कोर करके चौथे स्थान पर रहीं।

## मप्र की जिम्नास्ट समृद्धि और शिवानी पहुंची फाइनल में





**भोपाल (खेप्र)।** गोवा के पणजी में आयोजित राष्ट्रीय खेलों की जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में बुधवार को मध्यप्रदेश की जिम्नास्ट समृद्धि और शिवानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। जिन्होंने बेस्ट 8 में में पहुंचकर आल राउण्ड और फोर अप्परेटस, बाल, हुप और रिविन विधा में क्वालीफाई कर फाइनल में स्थान बनाया किया है। वहीं शिवानी नामदेव ने आर्टिस्टिक विधा में बैलेन्सिंग बीम के लिए बेस्ट 8 में क्वालीफाई कर फाइनल में स्थान बनाया है। समृद्धि भोकरडंकर इन्दौर और शिवानी नामदेव भोपाल की निवासी है। अब इन दोनों को कल गुरुवार को फाइनल में स्वर्ण पदक के लिए प्रदर्शन करना होगा।

### भारत ने तीसरे दिन में पांच स्वर्ण सहित 19 पदक जीते

## एशियाई पैरा खेलः सुमित अंतिल ने भाला फेंक में रचा इतिहास, विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

**हांगझोउ (एजेंसी)।**

चीन में चल रहे चौथे एशियाई पैरा खेलों में बुधवार को भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदक सहित 19 पदक जीते है। इसके साथ ही इन खेलों में भारत के कुल पदकों की संख्या 14 स्वर्ण सहित 55 हो गई है।आज यहां हुए मुकाबले में भारतीय पैरा एथलीट सुमित अंतिल ने भाला फेंक की एफ-64 स्पर्धा में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। पच्चीस साल के सुमित ने 73.29 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने 70 .83 मीटर के अपने ही विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने इस साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान



बनाया था। एक अन्य भारतीय पुष्पेंद्र सिंह ने इसी स्पर्धा में 60.06 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। श्रीलंका के समिता अराचचिगे कोडिथुवाकु (64.09) को रजत पदक मिला। सुमित ने तोक्यो पैरालंपिक की पुरुष भाला फेंक एफ64 स्पर्धा में 68.55 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता था जो तत्कालिन विश्व रिकॉर्ड था। मौजूदा हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों लें यह भारत का 10वां स्वर्ण पदक है जबकि उसके कुल पदक की संख्या 36 हो गई है। एक अन्य मुकाबले में नारायण ने एशियाई पैरा गेम्स 2022 में पुरुषों की 200 मीटर टी35 स्पर्धा में प्रभावशाली 29.83 सेकंड का समय लेते हुए भारत के लिए कांस्य पदक जीता।वहीं श्रेयांश त्रिवेदी ने टी-37 200 मीटर स्पर्धा में 25.26 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। जैनब खातून ने महिलाओं के 61 किग्रा भार वर्ग में 85 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ भार उठाकर रजत पदक जीता । इस बीच, हमवतन एथलीट राज कुमारी ने उसी भार वर्ग में 84 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ भार उठाकर कांस्य पदक जीता। वहीं हैनी ने पुरुषों के भाला फेंक-एफ37/38 फाइनल में रिकॉर्ड बनाते हुए यहां चल रहे चौथे एशियाई पैरा खेलों में भारत के लिए 11वां स्वर्ण पदक हासिल किया। आज यहां हुए मुकाबले में हैनी ने 55.97 मीटर भाला फेंककर एशियाई पैरा खेल में रिकॉर्ड बनाते हुए एक और स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में ईरान के होर्मोज सेइदिकाजपौंजी ने अपना सर्वश्रेष्ठ 48.47 मीटर का प्रदर्शन करते रजत पदक जीता। जबकि इस स्पर्धा में चीन की डोंगक्वान एन को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं, तीरंदाजी में, हरविंदर सिंह और साहिल ने पुरुष युगल रिकर्व में कांस्य पदक जीता।